Need for alternative irrigation arrangements in Bharuch Parliamentary Constituency ? laid

श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा (भरूच): गुजरात में मेरे संसदीय क्षेत्र भरूच के अंतर्गत अंकलेश्र्वर और दहेज राज्य सरकार और भारत सरकार के सहयोग से औद्योगिक रूप से ठीक से विकसित हो गया है तथा काफी सुविधा भी पर्याप्त मात्रा में है, लेकिन दो विधानसभा क्षेत्र झगडिया और डेडियापाडा जो की ट्राईबल बेल्ट में आते हैं तथा उक्त दोनों विधानसभाएं भी ट्राइबल हैं उपरोक्त क्षेत्रों के आदिवासी किसानों को सिंचाई की सुविधा नहीं मिल पाने के कारण अपेक्षित कृषि उत्पादन नहीं हो पता है राज्य सरकार की सिंचाई की जो सुविधा है वह भी पर्याप्त मात्रा में नहीं है तो इस संबंध में भारत सरकार से मेरा आग्रह है कि ट्राइबल बेल्ट हेतु सिंचाई के लिए विशेष फंड दिया जाए, जिससे इस ट्राईबल बेल्ट के किसानों के लिए सिंचाई सुविधा सुनिश्चित की जा सके यह सिंचाई सुविधा मिलने के कारण हरा घास चारा आदि रख सकेंगे जिससे पशुपालक किसानों को दुग्ध उत्पादन के माध्यम से अपनी जीविका अर्जित करने में मदद मिलेगी उपरोक्त पूरे ट्राइबल क्षेत्र को नर्मदा और कर्जन योजना के अत्यंत निकट होने के बावजूद भौगोलिक स्थिति के कारण सिंचाई हेतु जल दे पाना संभव नहीं है, इसलिए इस क्षेत्र में सिंचाई के वैकल्पिक प्रबंध किए जाएं।